Regarding expedite the work of Rail link project and provision of additional budget for the same

सुश्री कंगना रनौत **(**मंडी**):** महोदया, मेरा संसदीय क्षेत्र मंडी अभी भी रेल सेवा से वंचित है । केंद्र सरकार ने बिलासपुर-मनाली-लेह रेल लाइन, बिलासपुर-बैरी रेल लिंक परियोजना जैसी परियोजनाएं हिमाचल प्रदेश के लिए दी हैं । उनके निर्माण कार्य में भूमि अधिग्रहण, पर्यावरणीय स्वीकृतियां, तकनीकी सर्वेक्षण तथा बजटीय आबंटन में धीमी प्रगति के कारण अभी तक अपेक्षित गति नहीं आ पाई है ।

अत: मैं सदन के माध्यम से रेल मंत्री जी से आग्रह करना चाहती हूं कि इन दोनों रेल परियोजनाओं को मिशन मोड में लाकर अतिरिक्त बजट और समयबद्ध निर्माण व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि ये महत्वपूर्ण रेल लाइनें शीघ्र आरम्भ होकर पूर्ण हो सकें ।